INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: I.T.S Organized Quiz Whiz-2012
NEWSPAPER NAME: Dainik Bhaskar
DATED: 13 October, 2012
PAGE NO.: 02

क्विज प्रतियोगिता में दिखाया कौशल

तीन माह से चल रही इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज नामक प्रतिस्पर्धा का समापन

साहिबाबाद, संवाददाता। आईटीएस द ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स द्वारा लगभग तीन माह से चली आ रही इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज नामक प्रतिस्पर्धा का समापन 12 अक्टूबर 2012 को हो गया। इस प्रतियोगिता में प्रति विद्यालय तीन सर्वोत्तीर्ण विद्यार्थियों के मध्य 12 अक्टूबर 2012 को एक इन्टर स्कूल क्वीज प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आईटीएस, मोहन नगर, गाजियाबाद संस्थान के प्रेक्षाग्रह में सुबह 10:00 बजे किया गया। इसमें दिल्ली तथा एनसीआर के

स्पर्धा में भाग लेते बच्चे। इस दौरान विजेता तीन स्कूल के छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

101 विद्यालयों के 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी बुद्धि कौशल का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के तीन चरण थे, जिनमें प्रथम चरण में चयनित 18 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों के मध्य द्वितीय चरण उर्तीण करने के बाद अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के 18 विद्यार्थियों में से आखिरी तीन विद्यालयों के छात्रों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का आधार सामान्य ज्ञान तकनीकी ज्ञान तथा बौद्धिक क्षमता था, जिसका उद्देश्य था युवा विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना तथा योग्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना। प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप छात्रों को क्रमशः 21,000, 15,000, तथा 9,000, रुपये की नकद धनराशि तथा अन्य बहुत से पुरस्कार प्रदान किए गए।